an>

Title: Need to establish sea water desalination plant in Mumbai.

श्री हरिश्चन्द्र चव्हाण (दिंडोरी) : महाराष्ट्र के कई इलाकों में सालाना मानसून की कमी की वजह से पीने के पानी की समस्या गहराती जा रही है। जब तक इसके लिए कुछ ऑल्टरनेटिव नहीं मिलेगा तब तक यह समस्या हल नहीं होगी। उदाहरण के तौर पर सी वाटर डीसैलिनैशन प्लांट बहुत ही अच्छा मॉडल है। चेन्नई में अभी एक निम्मेली डीसैलिनैशन प्लांट और मिन्जुर डीसैलिनैशन प्लांट तैयार हो गया है। उस प्लांट का पानी वह चेन्नई में देते हैं। हमारे नासिक और मराठवाडा का पानी मुम्बई में जाता है। महाराष्ट्र में बहुत सारा सागरी किनारा है।

मेरी आपके माध्यम से सरकार से विनती है कि यदि मुम्बई के पास ऐसा डीसैलिनैशन प्लांट बनाया गया, तो नासिक के वेतनारा और भंडारदरा का पानी वहां जायेगा। उस प्लांट का पानी मुम्बई में मिलेगा। आजकल नासिक-मराठवाडा में पानी के लिए संघर्ष हो रहा है। यह पानी पीने, खेती और उद्योगों के लिए भी सफीशेंट होगा। यह नयी टेक्नोलॉजी है। चेन्नई में यह प्लांट सैक्सेसफुल हुआ है। यदि मुम्बई में ऐसा प्लांट बन गया तो नासिक-मराठवाडा के पानी की समस्या हल हो जायेगी।